कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com

www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–14, अंक–4, अगस्त 2013

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## वाराणसी में सफलता का जश्न









बुनियादी ढांचा क्षेत्र में देश की दिग्गज कंपनियों से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपनी बाजार में कंपनी की लगातार बढ़ती हिस्सेदारी के लिये डीलरों के साथ सफलता का शानदार जश्न मनाया। वाराणसी में आयोजित डीलरों की यह बैठक डीलरों को प्रोत्साहित करने और उनकी उपलब्धि की सहारना करने का अवसर था। साथ ही इस बैठक में कंपनी ने अपना डीलर नेटवर्क और अधिक बढ़ाकर ग्राहकों को बेहतरीन गुणवत्ता के उत्पाद और सेवाएँ मुहैया कराने का भरोसा भी दिलाया।

वाराणसी शहर के होटल सूर्या में आयोजित डीलर्स मीट में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने मार्केटिंग रणनीतियों पर भी चर्चा की। कंपनी की ओर इस कार्यक्रम में श्री दिलीप मेहरा (सीनियर जी एम, बिजनेस डेवेलपमेंट), श्री चंदन गोस्वामी, वरिष्ठ प्रबंधक (ब्रांड प्रोमोशन), और श्री सागर प्रताप सिंह, प्रबंधक (मार्केटिंग) शामिल थे।

साथ ही इस कार्यक्रम में पूर्वी उत्तर प्रदेश में कामधेनु की फ्रेंचाइजी इकाई, मेसर्स महामाया स्टील प्राइवेट लिमिटेड के श्री भूपेंद्र अग्रवाल एवं श्री अखिल अग्रवाल ने भी शिरकत की और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर श्री सुनील निमानी, श्री अशोक जायसवाल एवं श्री बैजनाथ केसरी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पूर्वी उत्तर प्रदेश के 350 से ज्यादा डीलर उपस्थित हुए।

इस मौके पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीनियर जी एम श्री दिलीप मेहरा ने डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों को भरोसा दिलाया कि कंपनी देश में निर्माण क्षेत्र की उम्मीदों पर खरी उतरती रहेगी। उन्होंने आगे कहा, "डीलर्स मीट का उद्देश्य डीलरों के साथ मार्केटिंग रणनीतियों पर चर्चा करना ही नहीं बल्कि उन्हें प्रोत्साहित करते हुए अहसास दिलाना भी है कि वे कामधेनु ग्रुप के लिए बेहद अहम हैं।"

श्री भूपेंद्र अग्रवाल ने डीलरों और डिस्ट्रब्यूटरों का स्वागत करते हुए पूर्वी उत्तर प्रदेश में बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, "पूर्वी उत्तर प्रदेश में डीलरों के लिए काफी मौके हैं क्योंकि कई क्षेत्र अभी भी पहुँच से बाहर हैं। चूँकि कंपनी वाजिब दाम पर बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराती है, ऐसे में उनके लिए बाजार में मुकाबला करना आसान है।"

डीलर्स मीट के दौरान कामधेनु के वरिष्ठ अधिकारियों ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपनी बाजार हिस्सेदारी और बढ़ाने का इरादा बुलंद तरीके से जताया और इस उद्देश्य के लिये सभी डीलरों को हर तरह का सहयोग मुहैया कराने का वादा किया। साथ ही कंपनी ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलरों को सम्मानित भी किया।

# कामधेनु ग्रुप, उत्तराखंड आपदा पीड़ितों के साथ



देश की अग्रणी इंफ्रास्टक्चर कंपनी, कामधेनु इस्पात लि0 ने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करने की अपनी परंपरा के अनुसार उत्तराखंड आपदा पीड़ितों के मदद के लिये कदम उठाये। आपदा पीड़ितों के पुनर्वास की भारी जरूरत को देखते हुए कामधेनु इस्पात लि0 के सभी स्टाफ, डिस्ट्रीब्यूटर और मैनेजमेंट आगे आये और सहयोग राशि के लिये योगदान किया।

इस मानवीय कार्य की शुरूआत तथा संचालन में श्री हरीश अग्रवाल (सीएफओ) श्री विनीत अग्रवाल (जी एम, फाइनांस एंड एकाउंट), श्री दिलीप मेहरा (सीनियर जी एम, बिजनेस डेवेलपमेंट) व श्री चंदन गोस्वामी, (वरिष्ठ प्रबंधक, ब्रांड प्रोमोशन) ने महत्वपुर्ण भूमिका निभाई। इस मुहिम में श्री सुशील भारद्वाज (एजीएम, सेल्स), श्री पंकज आज़ाद, (प्रबंधक) एवं श्री नितिन प्रताप सिंह (वरिष्ठ प्रबंधक, बिजनेस डेवेलपमेंट) का सहयोग उल्लेखनीय रहा। आपदा पीड़ितों के लिये राहत राशि हेतु योगदान करने में में कामधेनु ग्रुप के सभी स्टाफ और एशोसिएट्स ने दिल से हिस्सा लिया।

जमा की गई 15 लाख रूपए की राशि उत्तराखंड के सूचना अधिकारी श्री नितिन उपाध्याय को नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड हाउस जाकर सौंप दी गई।

# आइ एन एस विक्रांत नौसेना के हवाले

संपूर्ण रूप से अपने देश में निर्मित, साढ़े सैंतीस हजार टन के एयरकाफ्ट कैरियर आइ एन एस विकांत के भारतीय नौसेना में शामिल होने से भारत का समुद्र में दबदबा काफी बढ़ गया है। केरल के कोच्ची में निर्मित आइ एन एस विकांत 260 मी0 लंबा और 60 मी0 चौड़ा अत्याधुनिक सामरिक सुविधओं से लैस युद्धपोत है। नौसेना में इसके शामिल होने से भारत आमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फांस के अलावा पॉचवा ऐसा देश बन चुका है।

आइ एन एस विकांत के माध्यम से भारत प्रशांत महासागर में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा पाने में सक्षम हो जायंगा और चीन से अधिक मजबूत नौसेनिक क्षमता हासिल कर लेगा। साथ ही अधिक दूरी तक समुद्र की पेट्रौलिंग करने की भी कूबत हासिल कर लेगा।





# भविष्य का मिसाइल होगा अग्नि 6

अग्नि 5 के सफल प्रक्षेपण के बाद अग्नि 6 की चर्चा आजकल जोरों पर है। अग्नि 6 की क्षमता 3 टन वजन के वारहेड को निशानम तक ले जाने की होगी, जो अब तक के अग्नि मिसाइलों की 1 टन क्षमता से तिगुनी होगी। अपनी इस क्षमता की बदौलत अग्नि 6 एक साथ कई वारहेड को ले जाकर अलग–अलग निशाने पर बरसा सकता है, यानि यक मिसाइल से कई ठिकानों को निशाना बनाया जा सकेगा। अग्नि 6 इसकी मारक क्षमता 5000 किमी तक की होगी ओर इसकी ज़द में दुनिया का एक बड़ा हिस्सा आ जायेगा। इतना शक्तिशाली होने पर भी अग्नि 6 की लंबाई 17 मीटर से अधिक नही होगी और इसे आर्मी की ट्रक द्वारा लाया ले जाया सकेगा।

हाल ही में अग्नि 5 का सफल प्रक्षेपण कर भारत, दूसरे महाद्वीप तक मिसाइल दाग सकने की क्षमता वाले दुनिया के 6 देशों में शामिल हो चुका है। इसके साथ ही भारत की मारक क्षमता की ज़द में समूचे एशिया के साथ–साथ अफ्रीका और यूरोप के कई हिस्सों तक आ गये हैं।




# दुगुने रिब्स दुगुना दम

देश की अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी और टीएमटी सरियों के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक, कामधेनु इस्पात लि0 को भारत में सबसे पहले दुगुने रिब्स के साथ अनूठे डिजाइन वाला उत्कृष्ट उत्पाद कामधेनु SS10000 लाने का श्रेय जाता है। यू.के. की आधुनिक तकनीक से अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता के आधार पर डिजाइन किया तथा बनाया गया कामधेनु SS10000 अंतर्राष्ट्रीय मानक B500C पर खरा उतरता है।

जैसा कि हम सब जानते हैं, इस्पात और कंक्रीट दो अलग–अलग पदार्थ हैं जिन्हें निर्माण के ढ़ाँचे में एक ईकाई की तरह जुड़ कर मजबूती देनी होती है। अधिक मजबूत ढ़ाँचे के लिये इस्पात और कंक्रीट के बीच अधिक मजबूत जुड़ाव होना जरूरी है। कामधेनु SS10000 के इस्तेमाल से बेहतर पकड़ के जरिए अधिक मजबूत ढ़ाँचा बनता है, क्योंकि अनूठे डिजाइन के दुगुने रिब्स की बदौलत कंक्रीट और कामधेनु SS10000 के बीच की पकड़ सबसे मजबूत होती है।

कामधेनु SS10000 के ये अनूठे डिजाइन वाले दुगुने रिब्स कई मायनों में बेहतर हैं और इन रिब्स की गहराई भी ज्यादा है और ये अधिक पास–पास भी हैं। आधुनिक तकनीक से बनने वाले कामधेनु SS10000 के रिब्स एक समान दूरी पर होते हैं जिससे समूचे ढ़ाँचे के अंदर एक समान मजबूत पकड़ मिलती है। एकरूपता और उत्कृष्ट डिजाइन के रिब्स की बदौलत कामधेनु SS10000 वजन सहने की क्षमता और लचीलापन के आधार पर अन्य सरियों से काफी बेहतर है।

कामधेनु SS10000, साधारण सरिए के मुकाबले 200 प्रतिशत से भी अधिक मजबूत पकड़ बनाता है। विभिन्न कोणों पर दो रिब्स की बनावट, कंक्रीट के साथ इसकी टिकाऊ पकड़ स्थापित करता है। कामधेनु SS10000 का इस्तेमाल कर बनने वाले कंक्रीट के ढ़ाँचे और बीम व कॉलम के जोड़ो ने प्रयोग के दौरान बेहतरीन भूकंपरोधी गुण दर्शाए हैं। इस प्रकार यह पूरी तरह से साबित हो चुका है कि कामधेनु SS10000 भूकंप संभावित क्षेत्रों में निर्माण के लिये सर्वश्रेष्ठ है। इसके साथ ही जहाँ निर्माण में ज्यादा मजबूती चाहिये, जैसे कि बहुमंजिली इमारतें, पुल, फ्लाईओवर व राजमार्ग आदि के लिये हर ईलाके में ही कामधेनु SS10000 का उपयोग आवश्यक है।

कामधेनु SS10000 के बाज़ार में आने से बेहतर सुरक्षा वाले नए जमाने के निर्माण हेतु उत्कृष्ट सामग्री की आवश्यकता की पूर्ति हुई है। और इसीलिए यह अचरज की बात नहीं है कि बाज़ार में आने के बाद के थोड़े से समय में ही यह उत्पाद बाज़ार में छा चुका है।

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

मो. शरीफुल मलिक
**मैसर्स मलिक बिल्डिंग मैटेरियल सप्लाई**
देबाल्या बैराछापा–743424
नोर्थ 24, वेस्ट बंगाल
मो. – 09733624484

श्री सुरेश चन्द
**मेसर्स श्री चन्द पेंट एजेन्सी**
**(अच्छेजा एण्ड हबीबपुर)**
मेन छोगनपुर रोड,
गांव : हबीबपुर, ग्रेटर नोएडा
मो. – 9958505104

श्री सी डी मिश्रा
**मेसर्स सी डी सेल्स कॉरपोरेशन**
**(गाजियाबाद)**
6 एण्ड 7, हर्षय नगर, गाजियाबाद
मो. – 8826758672

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 26.08.2013



# झुमरू देख कर झूम उठे डीलर्स



देश की प्रमुख पेंट कंपनियों में शुमार कामधेनु पेंट के द्वारा गुड़गॉव में आयोजित डीलर मीट में खूब धूम मची। 7 अगस्त को होटल रामदा सेन्ट्रल, गुड़गॉव में कामधेनु पेंट के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी डीलरों की यह मीट आयोजित की गई। इस मीट का उद्देश्य था कंपनी को लगातार मिल रही सफलता की खुशियॉ डीलरों के साथ मिलकर मनाना, साथ ही बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलरों को उनकी सफलता पर पुरस्कृत करना।

इस कार्यक्रम में पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश से सौ से अधिक डीलर शामिल हुये। कामधेनु पेंट की ओर से कार्यक्रम में कंपनी के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल के अलावा नेशनल मार्केटिंग हेड, श्री राजकुमार श्रीवास्तव और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मार्केटिंग हेड, श्री कमल शर्मा उपस्थित हुये।

डीलरों को संबोधित करते हुये श्री सौरभ अग्रवाल ने बताया कि कामधेनु पेंट देश की टॉप दस कंपनियों के बीच पहुॅच गई है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के डीलरों को उनके सहयोग एवं योगदान के लिये धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान सर्वाधिक बिक्री के लिये डीलरों को पुरस्कृत करते हुये, **मेसर्स श्री चॉद ट्रेडर्स, अछेजा को पहला ईनाम** दिया गया। हापुड़ के **मेसर्स मुकेश कुमार लोकेश कुमार को दूसरा ईनाम** व बरेली के **मेसर्स खंडेलवाल पेंट एण्ड केमिकल को तीसरा ईनाम** मिला।

कार्यक्रम के बीच में दोपहर बाद 3 बजे से 5.30 तक मनोरंजन के लिये सभी डीलर किंगडम ऑफ ड्रीम्स ले जाये गये, जहॉ सबने एक साथ मिलकर झुमरू संगीतमय नाटक का आनंद उठाया।

# देवरिया के सैकड़ों मैसन ने सराहा कामधेनु उत्पादों को

देश की अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी, कामधेनु इस्पात लि० ने अपने जागरूकता कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश के देवरिया में राजमिस्त्रियों और खुदरा विक्रेताओं की एक बैठक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 25 रिटेलर्स सहित 225 लोग शामिल हुए।

कंपनी की तरफ से कार्यक्रम में श्री सागर प्रताप सिंह और श्री विपिन सिंह ने शिरकत किया। कार्यक्रम मे भाग लेने वाले डीलर्स थे – मेसर्स विकास स्टील से श्री अशोक जायसवाल और श्री विकास जायसवाल, मेसर्स मधेशिया आयरन स्टोर से श्री प्रेमशंकर, मेसर्स महावीर ट्रेडर्स से श्री अनिल जायसवाल एवं मेसर्स श्री श्यामा स्टील से श्री श्याम जी।



कार्यक्रम के दौरान कंपनी के अधिकारियों ने कामधेनु उत्पादों की बेहतरीन गुणवत्ता के बारे में विस्तार से बताया। उपस्थित राजमिस्त्रियो ने उत्साहजनक भागीदारी दिखाते हुये कई सवाल पूछे जिसका जवाब दिया गया। कामधेनु उत्पादों की गुणवत्ता और फायदे जानकर उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक इसके उपयोग को बढ़ावा देने की बात की और कामधेनु उत्पादों को काफी सराहा।



इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में कामधेनु इस्पात लि० के स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर फर्म मेसर्स इंडिया स्टील एण्ड सप्लाई कंपनी के श्री अशोक जायसवाल और अमर जायसवाल ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com